No. of Printed Pages : 8 **ECO-14**

01482

# BACHELOR'S DEGREE PROGRAMME

## Term-End Examination

## June, 2011

## ELECTIVE COURSE : COMMERCE
## ECO-14 : ACCOUNTANCY-II

*Time : 2 hours* *Maximum Marks : 50*

**Note :** *Attempt **any four** questions including question no. **1** which is **compulsory**.*

---

**1.** Attempt *any two* of the following questions : 7, 7

(a) Write short notes on the following :

(i) Cash in Transit

(ii) Goods in Transit

(b) Describe the advantages of Departmental Accounts.

(c) Explain the legal provisions relating to the utilization of share premium.

(d) What is profit prior to incorporation ? How is it calculated and accounted for in books of account ?

2. From the following information, calculate : **12**

(a) Debtors Turnover Ratio

(b) Average Collection Period

(c) Creditors Turnover Ratio

(d) Average Payment Period

given :

| | Rs. |
|---|---|
| Total sales | 4,00,00,000 |
| Cash sales | 40,00,000 |
| Creditors | 12,00,000 |
| Bills Receivable | 8,00,000 |
| Bills Payable | 60,000 |
| Debtors | 40,00,000 |
| Bad-debts | 50,000 |
| Purchases | 1,50,00,000 |

3. A and B share the profits of a business in the ratio of 5 : 3. They admit C for ¼$^{th}$ share in Profits and Losses to be contributed equally by A and B. On the date of admission of C, the Balance Sheet of the firm was as follow : **12**

| Liabilities | Rs. | Assets | Rs. |
|---|---|---|---|
| A's capital | 40,000 | Machine | 30,000 |
| B's capital | 30,000 | Furniture | 20,000 |
| Creditors | 2,000 | Stock | 15,000 |
| Provident Fund | 10,000 | Debtors | 15,000 |
| Reserve Fund | 4,000 | Bank | 6,000 |
| | **86,000** | | **86,000** |

Terms of C's admission were as follows :

(a) C will bring a total amount of Rs. 30,000 which will consist of his share of capital and goodwill.

(b) Goodwill of the firm has been valued at 3 year's purchase of the average super profits of last 4 years. Average profits of the last 4 years are Rs. 20,000 while the normal profits that can be earned with the capital employed are Rs. 12,000.

(c) Furniture is to appreciated by Rs. 6,000 and the value of stock is to be reduced by Rs. 2,000. Provident Fund be raised by Rs. 1,000.

Prepare Revaluation Account, Capital Accounts and the new balance sheet of the firm.

**4.** Y Ltd. issued 10,000 shares of Rs. 10 each payable as follow : **12**

Rs. 2.50 on application, Rs. 2.50 on allotment, Rs. 3 on I$^{st}$ call and Rs. 2 on final call. A holding 200 shares did not pay the allotment money and first call, and his shares were forfeited. Final call was made after forfeiture. B, holding 500 shares failed to pay the final call and his shares were forfeited.

Make Journal entries and prepare the Balance Sheet.

5. Anamica Ltd. issued 1000 14% Debentures of Rs. 300 each at a discount of 5% on January I$^{st}$ 2005. Interest on these debentures is payable annually on 31$^{st}$ December each year. Debentures are redeemable at par in three equal instalments at the end of third, fourth and fifth year. Prepare 14% Debenture Account, Debenture Interest Account and Discount on Issue of Debenture Account for 2005 to 2009. **12**

6. State the characteristics of a hire-purchase agreement. Discuss the similarities and dissimilarities of Hire Purchase System and Instalment Payment System. **12**

**ई.सी.ओ.-14**

# स्नातक उपाधि कार्यक्रम

## सत्रांत परीक्षा

## जून, 2011

## ऐच्छिक पाठ्यक्रम : वाणिज्य

## ई.सी.ओ.-14 : लेखाविधि-II

*समय : 2 घण्टे* *अधिकतम अंक : 50*

***नोट :*** ***किन्हीं चार*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए जिनमें प्रश्न संख्या* **1** *शामिल हो, क्योंकि यह* ***अनिवार्य*** *है।*

**1.** निम्नलिखित में से ***किन्हीं दो*** प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 7, 7

(a) निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणियां लिखिए।

(i) मार्गस्थ रोकड़

(ii) मार्गस्थ माल

(b) विभागीय खातों के लाभों का वर्णन कीजिए।

(c) शेयर प्रीमियम के उपयोग संबंधी विधिक नियमों की व्याख्या कीजिए।

(d) पूर्वनिर्गमन लाभ से क्या तात्पर्य है? इसका परिकलन एवं लेखांकन कैसे किया जाता है?

2. निम्नलिखित ब्यौरा से (a) देनदार आवर्त अनुपात, (b) औसत वसूली अवधि, (c) लेनदार आवर्त अनुपात तथा (d) औसत भुगतान अवधि की गणना कीजिए। 12

| | रु. |
|---|---|
| कुल विक्रय | 4,00,00,000 |
| नकद विक्रय | 40,00,000 |
| लेनदार | 12,00,000 |
| प्राप्य बिल | 8,00,000 |
| देय बिल | 60,000 |
| देनदार | 40,00,000 |
| डूबत ऋण | 50,000 |
| क्रय | 1,50,00,000 |

3. A तथा B एक व्यवसाय के लाभ को 5 : 3 के अनुपात में बांटते हैं। उन्होंने C को लाभ के 1/4 भाग के लिए साझेदारों में प्रवेश दिया जिस के लिए, A तथा B ने बराबर का अंशदान किया। C के प्रवेश की तिथि पर फर्म के बैलेंस शीट निम्नलिखित थी : 12

| देयताएँ | रु. | परिसंपत्तियां | रु. |
|---|---|---|---|
| A की पूंजी | 40,000 | मशीनरी | 30,000 |
| B की पूंजी | 30,000 | फर्नीचर | 20,000 |
| लेनदार | 2,000 | स्टाक | 15,000 |
| भविष्य निधि कोष | 10,000 | देनदार | 15,000 |
| रिजर्व कोष | 4,000 | बैंक शेष | 6,000 |
| | **86,000** | | **86,000** |

C के प्रवेश के लिए निम्न शर्तें थीं :

(a) C 30,000 रु. की कुल राशि लाएगा जिसमें उसकी पूंजी एवं ख्याति का भाग शामिल हैं।

(b) फर्म की ख्याति का पिछले चार वर्षों के औसत अधिलाभ के आधार पर मूल्यांकन किया गया। पिछले चार सालों का औसत लाभ 20,000 रु. था जबकि नियोजित पूंजी से अर्जित सामान्य लाभ की राशि 12,000 रु. है।

(c) फर्नीचर का मूल्य 6,000 रु. अधिक लगाया जाना है जबकि स्टाक का मूल्य 2,000 कम किया जाना है। भविष्य निधि की राशि में 1,000 रु. की वृद्धि की जानी है।

पुनर्मूल्यांकन खाता, पूंजी खाते तथा फर्म की नयी बैलंस शीट बनाइए।

4. Y लिमिटेड ने 10 रु. वाले 10,000 शेयर निर्गमित किए जिन पर 2.50 रु. आवेदन पर, 2.50 रु. आवंटन पर, 3 रु. पहली मांग पर तथा 2 रु. अंतिम मांग पर लिए जाने थे। A, जिसके पास 200 शेयर हैं, ने आवंटन राशि तथा पहली मांग का भुगतान नहीं किया। फलस्वरूप उसके शेयर जब्त कर लिए गए। जब्ती के बाद अंतिम मांग की गयी। B, जिसके पास 500 शेयर थे, ने अंतिम मांग की राशि का भुगतान नहीं किया तथा उसके शेयर भी जब्त कर लिए गए। **12**

उपर्युक्त लेनदेनों की जर्नल प्रविष्टियां कीजिए तथा बैलेंस शीट बनाइए।

5. अनामिका लि. ने 300 रु. वाले 1000 14% ऋणपत्र 5% कटौती पर 1 जनवरी 2005 को निर्गमित किए। इन पर प्रति वर्ष 31 दिसंबर को वार्षिक ब्याज देय है। ऋणपत्र सममूल्य पर तीन बराबर किश्तों में तीसरे, चौथे तथा पांचवें वर्ष के अन्त में शोधनीय हैं। वर्ष 2005 से 2009 तक का 14% ऋणपत्र खाता, ऋणपत्र ब्याज खाता तथा ऋणपत्र निर्गमन पर कटौती खाता तैयार कीजिए। **12**

6. अवक्रय संविदा की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। अवक्रय प्रणाली तथा किश्त भुगतान प्रणाली की समानताओं एवं असमानताओं का विवेचन कीजिए। **12**

---